दैनिक जागरण 03/10/2025

# गांधी जयंती हमें आदर्शों की याद दिलाती है : डा. रोहित



महात्मा गांधी के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देते डा. धर्मवीर सैनी। ● सौ. विज्ञप्ति

**अंबाला ● विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कालेज की एनएसएस इकाइयों ने गांधी अध्ययन केंद्र का दौरा किया। यह कार्यक्रम कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डा. चंद्रपाल पूनिया और डा. पिंकी गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कहा कि गांधी जयंती हमें महात्मा गांधी के आदर्शों और जीवन मूल्यों की याद दिलाती है। गांधी अध्ययन केंद्र में कालेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा. धरमवीर सैनी ने एनएसएस स्वयंसेवकों को महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके सत्य एवं अहिंसा पर आधारित संघर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. श्याम रहेजा, प्रो. गीती बिंद्रा, प्रो. राजिंदर मीरवाल और एनएसएस स्वयंसेवक हर्षित लंबा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।